Sl.No. :

नामांक Roll No.

No. of Questions – 38

No. of Printed Pages – 7

**V–101**

# व्यावसायिक शिक्षा (कक्षा –X) परीक्षा, 2019

## लेवल - द्वितीय

## विषय – ऑटोमोबाइल

**समय** : 2 **घण्टे** 15 **मिनट**] [ **पूर्णांक** : 30

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न–पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

2) सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं ।

3) परीक्षार्थी यथासम्भव प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में अपने शब्दों में निर्धारित शब्द सीमा में लिखें।

4) प्रश्न संख्या 1 से 10 तक (बहुविकल्पीय प्रश्नों) के उत्तर तालिका बनाकर उत्तर–पुस्तिका में लिखें।

5) प्रश्न संख्या 11 से 20 तक के उत्तर 'सही' या 'गलत' में लिखें।

6) प्रश्न संख्या 21 से 30 तक के उत्तर एक शब्द में लिखें।

7) प्रश्न संख्या 31 से 36 तक के दो से चार पंक्तियों में लिखें।

8) प्रश्न संख्या 37 एवं 38 के उत्तर एक पृष्ठ में लिखें।

यहाँ से काटिए
प्रश्न पत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें
यहाँ से काटिए

## भाग – क

सही विकल्प चुनें :

1) वाहन चैनल सैक्शन किस सामग्री का बना होता है? [½]

(अ) इस्पात

(ब) एल्युमीनियम

(स) लोहा

(द) लकड़ी

2) आई. एस. ओ. के अनुसार A4 कागज का अमाप होता है। [½]

(अ) 594 × 841 मि.मी.

(ब) 841 × 1189 मि.मी.

(स) 210 × 297 मि.मी.

(द) 297 × 420 मि.मी.

3) घर्षण अश्व शक्ति (F.H.P.) होती है – [½]

(अ) I.H.P. × B.H.P.

(ब) I.H.P. + B.H.P.

(स) B.H.P. – I.H.P.

(द) I.H.P. – B.H.P.

4) इंजन के सिलिण्डर में ऊपर नीचे गति करता है। [½]

(अ) ब्रेक लाइट

(ब) डिस्क पेड

(स) क्लच

(द) पिस्टन

5) ऑटोमोबाइल में ए.बी.एस. का पूरा नाम है। [½]

(अ) एन्टी लॉक ब्रेकिंग सिस्टम

(ब) एन्टी लॉक बियरिंग सिस्टम

(स) एन्टी लॉक ब्लॉक सिस्टम

(द) एन्टी लॉक बूस्टिंग सिस्टम

6) सोल्डर में धातुयें होती है – [½]

(अ) रांगा (टिन) और ताँबा

(ब) ताँबा और लोहा

(स) सीसा और लोहा

(द) राँगा (टिन) और सीसा (लेड)

7) धातु अपनयन क्रियाओं हेतु निम्न औजारों में से प्रयोग किया जाता है – [½]

(अ) रेतियों का

(ब) स्पेनर का

(स) प्लास का

(द) पेचकस का

8) सामान्यतः कार द्वारा कितनी दूरी तय करने के पश्चात् इंजन ऑयल बदलना चाहिये। [½]

(अ) 5000 km. (किलोमीटर)

(ब) 1000 km.

(स) 15000 km.

(द) 50,000 km.

9) अधिविक्रेता/डीलर का मुख्य कार्य है – [½]

(अ) वाहनों का निर्माण करना

(ब) वाहन खरीदना

(स) वाहन विक्रय करना

(द) वाहन मरम्मत करना

10) अति मृदु इस्पात में कार्बन की मात्रा होती है – [½]

(अ) 0.05 से 0.15% तक

(ब) 0.10 से 0.30% तक

(स) 0.90 से 1.40% तक

(द) 0.30 से 0.60% तक

## भाग – ख

निम्नलिखित वाक्य सही है या गलत लिखिये।

11) शीतलक, इंजन से गर्मी हटाने का काम करता है। [½]

12) प्रतिरोध की ईकाई ओहम (OHM) होती है। [½]

13) नव भुज (नॉनॉगन) नौ भुजाओं की समतल संरचना है। [½]

14) एसीटिलीन गैस ज्वलनशील नहीं है। [½]

15) हाइब्रिड वाहन बिजली की मोटरों के साथ गैस इंजन का गठबन्धन है। [½]

16) ग्रीज़गन का प्रयोग स्नेहन के लिये किया जाता है। [½]

17) वाहन विक्रेता द्वारा ग्राहक को सभी जानकारी नहीं देनी चाहिये। [½]

18) वाहन की सेवा नियम पुस्तिका की महत्वता को जानना अति आवश्यक है। [½]

19) वाहन की बेटरी में इलेक्ट्रोलाइट के रूप में पतला सल्फ्यूरिग एसिड काम में लिया जाता है। [½]

20) वाहनों के टायरों में हवा कम होने पर माइलेज बढ़ता है। [½]

## भाग – ग

21) रास्ता बताने के लिये आजकल वाहनों में ........................ प्रणाली काम में ली जाती है। [½]

22) सोल्डरिंग में प्रयोग होने वाला सोल्डर .................... और ..................... का मिश्र धातु है। [½]

23) रेतियाँ, रीमर व चाकू .................. इस्पात के बने होते हैं। [½]

24) $90^{\circ}$ के कोण को ................... कहते हैं। [½]

25) पैमाना 2:1 का तात्पर्य है कि ड्राइंग शीट पर वस्तु का अमाप यथार्थ से .................. बनाया गया है। [½]

26) चैनल सेक्शन का प्रयोग .................. हेतु किया जाता है। [½]

27) एयर कंप्रेसर हवा का .................. और उसका ................. कम करने के लिये प्रयोग किया जाता है। [½]

28) व्हील रिंच का प्रयोग ………………… को खोलने के लिये किया जाता है। [½]

29) भंडारण बैटरी एक विद्युत रासायनिक युक्ति है जो ……………… को ……………… में परिवर्तित करती है। [½]

30) रोल ओवर रोकथाम प्रणाली में तीक्ष्ण मोड़ में वाहन की गति ……………. हो जाती है। [½]

**भाग – घ**

31) ड्राइंग शीट्स के परिमाप से आप क्या समझते हैं आई. एस. ओ. के A0, A1, A2, A3, A4 अनुसार पेपर के अमाप लिखिये। [1+½ = 1½]

32) एक $45^{\circ}$ के कोण की संरचना कर विधि लिखिये। [1+½ = 1½]

33) निम्नलिखित दिये गये इस्पातों में कार्बन की प्रतिशत्ता लिखिये। तथा इनसे बनने वाले दो–दो औजार/उपकरण लिखिये। [½+½+½ = 1½]

i) मृदु इस्पात (माइल्ड स्टील)

ii) मध्यम कार्बन इस्पात (मीडियम कार्बन स्टील)

iii) उच्च कार्बन इस्पात (हाई कार्बन स्टील)

34) ईंधन (फ्यूल) फिल्टर को बदलने के लिये आवश्यक सामग्री और औजारों/उपकरणों की सूची लिखिये। [1½]

35) बिना ट्यूब के टायर (ट्यूब लैस टायर) के तीन लाभ लिखिये। [1½]

36) शीतलन प्रणाली के कोई तीन अवयवों को लिखिये [1½]

## भाग – ङ

37) कार में रेडियेटर की आवश्यकता क्यों होती है? कार की शीतलन प्रणाली को विस्तृत में समझाइयें। [1+2=3]

38) ऑटोमोबाइल कार्यशाला में प्रयोग किये जाने वाले विद्युत उपकरणों के नाम लिखिये तथा उनकी व्याख्या कीजिये। [1+2=3]

♦ ♦ ♦